प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–झारखंड में रेल परियोजनाओं के विस्तार और विकास के लिए बजट में रिकॉर्ड 7 हज़ार तीन सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का किया गया है प्रावधान।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने विभिन्न कोटि के राज्यकर्मियों के मकान किराया भत्ते में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी समेत तीस प्रस्तावों को दी मंजूरी।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चुनाव आयोग से मिलकर संताल परगना इलाके में फर्जी वोटर्स और डेमोग्राफी में हुए बदलाव की जांच कराने की मांग की।
- झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रारूप का आज होगा प्रकाशन, मतदाता सूची में नामों की जांच के लिए चलेगा अभियान।
- हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन चैंपियनशिप में झारखंड के बालक और बालिका टीम ने मेजबान असम पर दर्ज की शानदार जीत।

********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि झारखंड की रेल परियोजनाओं के विस्तार और विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024 –25 के बजट में 7 हज़ार 3 सौ 2 करोड रुपए का रिकॉर्ड प्रावधान किया गया है।

********************

राज्य मंत्रिपरिषद ने राज्यकर्मियों के मकान किराया भत्ता समेत अन्य भत्तों में इजाफा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत एक्स श्रेणी में अब मूल वेतन का पचास प्रतिशत, वाई श्रेणी में बीस और जेड श्रेणी में मूल वेतन का दस प्रतिशत मकान किराया भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में तीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार सभी सरकारी अस्पतालों को मरम्मत और रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष 5 करोड़ रुपए तक देगी।

********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलकर झारखंड में फर्जी वोटर्स की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि झारखंड में 20 फ़ीसदी से लेकर 123 फ़ीसदी तक फर्जी वोटर्स हैं।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के उपायुक्त को सीवरेज– ड्रेनेज प्लांट के लिए जल्द जमीन मुहैया कराने का निर्देश दिया है। अदालत में सीवरेज ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

********************

एनआईए की टीम ने टेरर फंडिंग मामले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के सहयोगियों के रांची स्थित मैक्लुस्कीगंज और लातेहार के निन्द्रा के चार ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 36 लाख रुपए नकद समेत कई महत्वपूर्ण कागजात, बैंक खाते और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए, जिसकी जांच की जा रही है।

********************

केंद्रीय महिला और बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए बजट में तीन लाख तीस हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर द्वितीय संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का आज प्रकाशन होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मतदाता अपने मतदान केंद्र में बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं। इसके साथ ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप्प तथा वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दोपहर बारह से एक बजे के बीच अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नाम जांचों अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

********************

रांची में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्राथमिक चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर युवाओं को स्वावलम्बी बनाया जा रहा है।

********************

भारतीय सेना के मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 28 जुलाई से जमशेदपुर में आयोजित होने वाले डूरंड का फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- राज्य सरकार ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, रांची के जेलर मुस्तकीम अंसारी को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के आरोप में निलंबित कर दिया है।
- रेलवे ने देवघर–गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी में बदलाव किया है। यह ट्रेन अब देवघर स्टेशन से शाम छह बजकर पचास मिनट पर खुलेगी और अगले दिन के ग्यारह बजकर बीस मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी।
- रांची बाल सुधारगृह के तीन बच्चे कल फरार हो गए। पुलिस इन बाल कैदियों की तलाश कर रही है।
- गिरिडीह पुलिस ने देवरी थाना क्षेत्र में एक बस से सूरत ले जाए जा रहे सात नाबालिगों को मुक्त कराया है। इस मामले में दो मानव तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

********************

गुवाहाटी में चल रहे हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप में कल चैंपियनशिप के उद्घाटन मैच में झारखंड की बालक टीम ने मेजबान असम को उन्नीस–शून्य गोल से पराजित किया। वहीं झारखंड की बालिकाओं ने भी शानदार खेल दिखाते हुए मेजबान असम पर अठारह शून्य से जीत दर्ज की। फाइनल इकतीस जुलाई को खेला जाएगा।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रीपरिषद द्वारा लिए गए फैसले और काठमांडू में हुए विमान दुर्घटना की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है – विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी चयन से पहले भाजपा करायगी थर्ड पार्टी सर्वे।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्यकर्मियों के एचआरए में तीन फीसदी तक की वृद्धि।

दैनिक जागरण ने रांची में ताज होटल निर्माण को लेकर एमओयू की खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – कैंबरून में फंसे सत्ताईस श्रमिक लौटे, 25–25 हजार रूपये तक के चेक दिए।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने काठमांडू विमान दुर्घटन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की है।

********************